आईयो मदन गोपाल मेरे घर तुम आईयो

आईयो मदन गोपाल मेरे घर तुम आईयो,
आईयो नंद जी के लाल मोहे लेने तुम आईयो.....

सावन मत आइयो भादो मत आइयो,
आईयो कार्तिक मास मोह लेने तुम आईयो,
आईयो मदन गोपाल.....

टीका मत लाईयो नथनी मत लाईयो,
लाईयो बिंदिया लाल मोहे लेने तुम आइयो,
आईंयो मदन गोपाल.....

कंगना मत लाईयो झुमके मत लाईयो,
लाईयो तुलसी माल मोहे लेने तुम आईयो,
आईंयो मदन गोपाल.....

लहंगा मत लाईयो चोली मत लाइयो,
लाईयो चुंदड़ी लाल मोहे लेने तुम आईयो,
आईंयो मदन गोपाल.....

घोड़ा मत लाईयो गाड़ी मत लाइयो,
लाईयो गरुड़ विमान मोहे लेने तुम आईयो,
आईंयो मदन गोपाल.....

एकलो मत आइयो दुकलो मत आइयो,
लाईयो राधा साथ मोहे लेने तुम आइयो,
आईंयो मदन गोपाल.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/27508/title/aayio-madan-gopal-mere-ghar-tum-aayio

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |